# THE HINDU

# MONTHLY HINDU REVIEW

# FEBRUARY 2017

bankersadda.com sscadda.com Adda 247 Govt in Your Pocket!

# दि हिन्दू रिव्यु : फरवरी 2017

- प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना (PMGKY) के तहत आभूषण, शेयर या अचल संपत्ति या विदेशी बैंक खातों की परिसंपत्तियों को अघोषित आय स्वीकार नहीं किया जाएगा. केवल नकद या बैंक खाते में जमा आय ही इस योजना के तहत घोषित की जा सकती है.
- सरकार की महत्वाकांक्षी क्षेत्रीय संपर्क योजना, उड़ान (UDAN) के अंतर्गत पहली उड़ान अगले महीने (फरवरी 2017) शुरू हो जाने की संभावना है. योजना उड़ान (UDAN - उड़े देश का आम नागरिक), क्षेत्रीय हवाई संपर्क को बढ़ावा देने और एयरलाइनों को विभिन्न प्रोत्साहन प्रदान करने के उददेश्य से लायी गयी है.
- भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर उर्जित पटेल 'वित्त पर संसद की स्थायी समिति' के समक्ष पेश हुए और पैनल को सरकार के हाल के 'उच्च मूल्य मुद्रा के विमुद्रीकरण' के फैसले के बारे में जानकारी दी.
- ICICI प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने कुल 100 करोड़ रुपये में फिनोपेटेक लिमिटेड (FPL) में 8.41% हिस्सेदारी खरीदी है.
- प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में एक 3 सदस्यीय समिति ने 2 वर्ष की अवधि के लिए अगले सीबीआई प्रमुख के रूप में आलोक कुमार वर्मा का चयन किया है.
- भारती AXA जनरल इंश्योरेंस ने संजीव श्रीनिवासन को अपने मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक नियुक्त किया है
- नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने इतिहास और आकाशीय शरीर की संरचना के बारे में अधिक जानने के लिए अपने मिशन के एक भाग के रूप में, लौह युक्त एक क्षुद्रग्रह 16 Psyche के अन्वेषण के लिए अपनी मंजूरी दे दी है
- रियल्टी कंसल्टेंसी फर्म जोंस लैंग लासॉल की रिपोर्ट के अनुसार बेंगलुरु विश्व का सबसे डायनैमिक (गतिशील) शहर है. इस रिपोर्ट में शीर्ष 30 शहरों में हैदराबाद (5), पुणे (13), चेन्नई (17), दिल्ली (23) और मुंबई (25) भी शामिल हैं.
- डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति के रूप में शुक्रवार (20जनवरी 2017) को शपथ ली. वे बराक ओबामा से राष्ट्रपति का कार्यभार संभालेंगे.
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय मिलिट्री अकादमी की मेजबानी में आयोजित उत्तराखंड के देहरादून में संयुक्त कमांडर सम्मेलन (CCC) को संबोधित किया.
- देश का सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), सबसे बड़े भारतीय जंगी जहाज आईएनएस विक्रमादित्य पर एटीएम खोलेगा. यह पहली बार है जब भारत के किसी जंगी जहाज पर एटीएम लगेगा.
- बिहार सरकार ने राज्य को नशे की लत से मुक्त बनाने के लिए नशा मुक्त अभियान शुरू किया है. इस अवसर पर राज्य भर में मानव श्रृंखला बनाने के लिए 2 करोड़ से अधिक लोगों के भाग लेने की संभावना है.
- प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में रायसीना डायलाग के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया. इस तीन दिवसीय सम्मेलन का विषय (थीम) है - दि न्यू नार्मल:मल्टी लेटरलिज्म इन ए मल्टीपोलर वर्ल्ड (न्यू नार्मल:एक बहुध्रुवीय दुनिया में बहुपक्षवाद).
- मिजोरम के मुख्य सचिव लालमल सवमा ने नई आर्थिक विकास नीति (NEDP) के अंतर्गत उद्यमिता विकास योजना (EDS) का उद्घाटन किया.




- रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने मिशन 41हजार ऊर्जा योजना (Mission 41k energy plan) का अनावरण किया जिसके तहत एक एकीकृत ऊर्जा प्रबंधन प्रणाली के जरिये अगले 10 वर्षों में रेलवे 41,000 करोड़ रु बचाएगा.
- स्विट्ज़रलैंड के दावोस में हो रहे वर्ल्ड इकॉनोमिक फोरम में, अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक कमिटी के साथ समझौते के बाद

चीनी ई-कॉमर्स कंपनी अलीबाबा वर्ष 2028 तक के ओलंपिक्स की प्रमुख प्रायोजक बन गई जिसके तहत कंपनी ओलंपिक्स की आधिकारिक ई-कॉमर्स और क्लाउड सर्विस सहयोगी होगी.

- नेता जी सुभाष चन्द्र बोस को आज उनकी 120वीं जयंती (23 जनवरी 2017) पर कृतज्ञ राष्ट्र अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है. इसी दिन 1897 में ओड़िशा के कटक में नेताजी का जन्म हुआ था.
- रूसी रेलवे, भारत के राष्ट्रीय ट्रांसपोर्टर भारतीय रेल को अपनी यात्री गाड़ियों की गति में 200 किमी प्रति घंटे तक वृद्धि करने में सहायता करेगा.
- डिजिटलीकरण की एक और पहल के रूप में, पंजाब नेशनल बैंक ने एक कांटेक्टलेस क्रेडिट कार्ड लॉन्च किया है. इस नए क्रेडिट कार्ड को पीएनबी वेव एन पेय-कांटेक्टलेस कार्ड नाम दिया गया है.
- गुजरात के राजकोट जिले के कागवाड़ में 3.5 लाख से अधिक लोगों ने शनिवार को एकसाथ राष्ट्रगान गाकर नया विश्व रेकॉर्ड कायम किया है.
- ठाणे (महाराष्ट्र) जिले के इस्कॉन गोवर्धन इको विलेज को पर्यटन में उत्कृष्टता और नवीनता के लिए गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) श्रेणी में संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (UNWTO) पुरस्कार से सम्मानित किया गया.
- दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल को, बोस्टन कंसल्टिंग समूह (बीसीजी) की वार्षिक सूची (11 वर्ष से दुनिया के 50 सबसे अभिनव फर्मों में शुमार), के अनुसार 2016 की सबसे अभिनव कंपनी के रूप में चुना गया है.
- भारत की बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने मलेशिया के सारावाक में मलेशिया मास्टर्स ग्रां प्री गोल्ड खिताब जीत लिया है. सायना को टूर्नामेंट में शीर्ष स्थान प्राप्त हुआ जिन्होंने थाईलैंड की पोर्नपावी छोछुवोंग को सीधे गेम में 22-20, 22-20 से हराया.
- पिछले वर्ष के दौरान देश की बेटियों द्वारा अनुकरणीय उपलब्धियों को देखते हुए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 24 जनवरी 2017 को नई दिल्ली में एक विशेष समारोह में 'रष्ट्रीय बालिका दिवस' मनाया जा रहा है.
- जमीनी स्तर पर बैंकिंग कोड पर जागरूक एवं शिक्षित करने के लिए, भारत के बैंकिंग कोड्स और मानक बोर्ड (BCSBI), सभी राज्यों में अपना अधिकार जानें कार्यक्रम (know your rights programme) आयोजित कर रहा है.
- परिवहन एप ओला (Ola) ने पेप्सिको के पूर्व कार्यकारी विशाल कौल को अपना मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) नियुक्त किया है. उन्होंने प्रणय जिव्रज्का का स्थान लिया है, जिन्हें संस्थापक भागीदार के रूप में नियुक्त किया गया है.
- विदेश सचिव एस जयशंकर, जिनका कार्यकाल 28 जनवरी, 2017 को समाप्त हो रहा है, उन्हें एक वर्ष का सेवा विस्तार दिया गया है. केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने 28 जनवरी 2018 तक उनके कार्यकाल के विस्तार को मंजूरी दी.
- स्टार्ट-अप इंजन को उत्प्रेरित करने वाले इनोवेशन टी-हब ने, स्टार्टअप्स के लिए 'GIS Innovation Hub' (GIH) के लांच की घोषणा की.
- विश्व आर्थिक मंच की 47वीं वार्षिक बैठक 2017 स्विट्ज़रलैंड के दावोस-क्लोस्टर्स में आयोजित हुई. इस वर्ष इसका थीम (विषय) संवेदनशील और जिम्मेदार नेतृत्व था.
- दुनिया में नक्श लायलपुरी के नाम से पहचाने जाने वाले प्रख्यात उर्दू शायर और गीतकार जसवंत राय शर्मा का रविवार (22 जनवरी 2017) को मुंबई स्थित उनके घर पर निधन हो गया. वह 89 साल के थे.
- चुनावी प्रक्रिया में नागरिकों की भागीदारी बढ़ाने के लिए, आज (25 जनवरी 2017) को, भारत निर्वाचन आयोग पूरे देश में 7वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मना रहा है. 25 जनवरी निर्वाचन आयोग का स्थापना दिवस भी है जो 1950 में इसी दिन अस्तित्व में आया था.
- भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (CEC), सैय्यद नसीम ज़ैदी ने सूचित किया कि गोवा की राज्य सरकार ने आगामी चुनावों में सेवा मतदाताओं के लिए डाक मतपत्र के इलेक्ट्रॉनिक संचरण से जुड़ी एक पहल को अपनाया है. गोवा देश में यह पहल अपनाने वाला पहला राज्य बन गया है.
- भारत से सब्जियों के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए, नेपाल सरकार ने घरेलू उत्पादन में वृद्धि हेतु एक 10 वर्षीय योजना शुरू की है.
- संयुक्त राज्य अमेरिका में, सीनेट ने संयुक्त राष्ट्र में निक्की हेली को अमेरिका के राजदूत के रूप में नियुक्ति की पुष्टि कर दी है. इसके साथ ही वो किसी भी राष्ट्रपति के प्रशासन में कैबिनेट रैंक के पद पर सेवा देने वाली पहली अमेरिकी-भारतीय बन गयी हैं.

- पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मैथ्यू हेडेन और डेविड बून को प्रतिष्ठित ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट हॉल ऑफ़ फेम में शामिल किया गया है.
- वेनेज़ुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो ने पहला ह्यूगो शावेज़ शांति और संप्रभुता पुरस्कार, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन को दिया है.
- देश के फूटबल संघ (RFU) के प्रमुख विताली मुटको ने बताया कि रूस की मेजबानी में होने वाले 2018 फीफा विश्व कप के फाइनल मैच की मेजबानी क्रेमलिन करेगा.
- कोलकाता के ईडन गार्डन में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए एकदिवसीय मैच में अपनी पारी की बदौलत विराट कोहली कप्तान के रूप एकदिवसीय क्रिकेट में सबसे तेजी से 1000 रन पूरे करने वाले दुनिया के सबसे तेज बल्लेबाज बन गए हैं.
- भारत ने 26 जनवरी 2017 को अपना 68वां गणतंत्र दिवस मनाया. 26 जनवरी, 1950 को भारत का संविधान लागू हुआ था और इसीलिए 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है. 1950 में इसी दिन डॉ राजेंद्र प्रसाद ने भारत के पहले राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली थी. इस वर्ष, अबू धाबी के युवराज मोहम्मद बिन ज़ायेद अल नाह्यान गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य अतिथि थे.
- मेघालय के राज्यपाल वी. षनमुगनाथन ने यौन दुराचार के आरोपों के बाद गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया है. 67 वर्षीय षनमुगनाथन ने 2015 में मेघालय के राज्यपाल का पद संभाला था. सितम्बर 2016 से उनके पास अरुणाचल प्रदेश का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया था.
- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को 1 मई से राज्य में पॉलिथीन कैरीबैग पर पाबंदी लगाने की घोषणा की. उन्होंने कहा, "पॉलिथीन कैरीबैग का इस्तेमाल पर्यावरण और स्वच्छता को प्रभावित करता है और पॉलिथीन खाकर गायों की मौत होती है." चौहान ने कहा, "पॉलिथीन बैग बनाने वालों को बैन से पहले 3 महीने दिए गए हैं."
- 68वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर बुधवार को मानवीय आधार पर गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रुपाणी ने राज्य की जेलों में बंद 439 कैदियों को रिहा करने का आदेश दिया. इन कैदियों में 21 महिलाओं समेत 243 ऐसे लोग हैं जिन्हें आजीवन कारावास की सज़ा मिली हुई थी और जो कम-से-कम 12 साल की सज़ा काट चुके थे.
- भारत के 68वें गणतंत्र दिवस को मनाते हुए और उसके सम्मान में, विश्व की सबसे ऊँची बिल्डिंग, दुबई स्थित बुर्ज खलीफा टावर, 25 और 26 जनवरी 2017 को भारत के राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे की रौशनी से नहाया रहेगा.
- सभी केंद्रीय विश्वविद्यालयों के वाईस चांसलर्स द्वारा अपने परिसर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा स्थापित करने के निर्णय के 1 वर्ष बाद, अब 25 जनवरी 2017 को दिल्ली विश्वविद्यालय के हंसराज कॉलेज में पहला स्मारकीय झंडा लहराया गया.
- भारत के सबसे बड़े ऑनलाइन ट्रेवल पोर्टल मेक माय ट्रिप ने पहला सोशल लग्जरी ट्रेवल मैगज़ीन 'लग्जरी ट्रेवल टाइम्स' लांच किया है. केवल मोबाइल के लिए उपलब्ध यह मैगज़ीन लग्जरी ट्रेवलर्स को लक्षित करके शुरू होगी जो एड प्लेटफॉर्म्स फेसबुक कैनवास एवं इन्स्टाग्राम स्टोरीज के माध्यम से जारी होगी.
- राष्ट्रीय भूभौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआई) के वैज्ञानिक ए केशव कृष्णा को नेशनल जियोसाइंस अवार्ड 2016 के लिए चुना गया है. यह पुरस्कार केन्द्रीय खान मंत्रालय द्वारा, पर्यावरण के अध्ययन के क्षेत्र में उनके काम की पहचान के लिए दिया जाएगा.
- हिजबुल मुजाहिदीन के कमांडर आतंकी बुरहान वानी को मारने के लिए, भारतीय सेना की राष्ट्रीय राइफल्स यूनिट के 3 सैनिकों को सेना मैडल से पुरस्कृत किया गया है. मेजर संदीप कुमार, कैप्टेन माणिक शर्मा और नायक अरविन्द सिंह चौहान ने 8 जुलाई, 2016 को इस ऑपरेशन का संचालन किया था.




- अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर करीब 2000 मील (3200 किलोमीटर) लंबी दीवार के निर्माण का आदेश दिया है. इस दीवार का लक्ष्य

मेक्सिको से अवैध घुसपैठ एवं ड्रग्स की तस्करी को रोकना है.

- एमी अवार्ड विजेता अमेरिकी अभिनेत्री मैरी टाइलर मूर का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया. उन्हें 1960 के दशक के प्रसिद्ध टीवी शो सिटकॉम दि डिक वैन डाइक शो में उनकी भूमिका और 1970 के दि मैरी टाइलर मूर शो के लिए जाना जाता है.
- सरकार ने बताया कि 119 बैंक आधार-सक्षम भुगतान तंत्र से जुड़ चुके हैं और अब तक इसके द्वारा 33.87 करोड़ रु की लेन-देन हो चुकी है. अब तक भारत की कुल आबादी 125 करोड़ में से 111 करोड़ का आधार पंजीकरण हो चुका है. सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने बताया कि आधार से जोड़ने के कारण एलपीजी सब्सिडी और मनरेगा में पिछले दो वर्षों में अब तक 36000 करोड़ रु बचाए जा चुके हैं.
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने रॉकेट जीएसएलवी-मार्क-III के लिए सफलतापूर्वक क्रायोजेनिक अपर स्टेज इंजन का ग्राउंड-परीक्षण किया.
- आख के एक प्रसिद्ध भारतीय डॉक्टर गुल्लापल्ली एन. राव को, अमेरिकन मोतियाबिंद और अपवर्तक सर्जरी सोसायटी द्वारा स्थापित, 2017 नेत्र विज्ञान हॉल ऑफ़ फेम के लि चुना गया है.
- पेट्रोलियम राज्य मंत्री एवं प्राकृतिक गैस धर्मेंद्र प्रधान के अनुसार, आंध्र प्रदेश में विभिन्न परियोजनाओं जिसमें से कई कृष्णा-गोदावरी बेसिन में है, में 1.65 लाख करोड़ के निवेश के लिए, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां जैसे एचपीसीएल, ओएनजीसी और गेल ने एक एमओयू साइन किया है.
- एक विश्व स्तरीय एयरो कौशल अकादमी बनाने के लिए, तेलंगाना सरकार ने फ्रांसीसी कंपनी Aerocampus Aquitaine, जिसे विमान रखरखाव कौशल प्रशिक्षण के लिए जाना जाता है, के साथ एक समझौते ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए.
- अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने प्रमुख भारतीय-अमेरिकी वकील उत्तम ढिल्लों को वाइट हाउस के एक प्रमुख पद पर नियुक्त किया है.
- अमेरिका की हेल्थकेयर दिग्गज जॉनसन एंड जॉनसन ने स्विट्ज़रलैंड स्थित बायो-फार्मास्युटीकल फर्म एक्टेलियाँ (Actelion) को $30 बिलियन (27.9 बिलियन यूरो) में खरीद लिया है.
- 2020 के ओलंपिक में युवा दर्शकों को लुभाने के लिए, टोक्यो खेलों के आयोजकों ने जापान के प्रसिद्ध एनीमेशन चरित्र सन गोकू (Son Goku) को अपने ब्रांड एम्बेसडर के रूप में अनावृत्त किया है.
- 29 जनवरी 2017 को राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस मनाया जाता है. इस अवसर पर राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने राष्ट्रपति भवन में एक बच्चे को पोलियो ड्राप पिलाकर वर्ष 2017 के लिए देश भर में एक कार्यक्रम का शुभारंभ किया.
- आज 30 जनवरी 2017 को राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 69वीं पुण्यतिथि पर राष्ट्र उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है. 1948 में इसी दिन उनकी हत्या कर दी गई गई थी. इस अवसर पर राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी, उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने दिल्ली के राजघाट स्थित गाँधी जी की समाधि पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की.
- कोलकाता शहर के केंद्र से 25 किमी दूर न्यू टाउन, राजरहाट में देश का पहला मल्टी स्पोर्ट्स संग्रहालय खोला गया है. 6700 वर्ग फुट में फैले इस संग्रहालय का उद्घाटन सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली, अभिनव बिंद्रा, दीपा मलिक और देवेंद्र झजारिया ने रविवार को किया.
- राज्यपाल वजूभाई आर वाला ने पूर्व उच्च न्यायालय जज पी विश्वनाथ शेट्टी को कर्नाटक के लोकायुक्त के पद की शपथ दिलाई. रिश्वत कांड के बाद 2015 में पी भास्कर राव के पद छोड़ने के बाद से यह पद खाली था.
- डाक विभाग द्वारा जारी, भारतीय डाक भुगतान बैंक (IPPB), को भारतीय रिजर्व बैंक से वाणिज्यिक परिचालन शुरू करने के लिए अंतिम मंजूरी मिल गई है. केंद्र ने, लोक एसेट मैनेजमेंट और निवेश विभाग में पूर्व संयुक्त सचिव एपी सिंह को IPPB का अंतरिम प्रबंध निदेशक और सीईओ नियुक्त किया है.
- इनसैट-3DR, इनसैट-3D के साथ मिलकर काम करता है. इनसैट-3D 2014 से कार्यरत है जो प्रति 15 मिनट पर पृथ्वी के धरातल के निकट का डाटा और उच्च रिजोल्यूशन की तस्वीरें भेजता है जिसे 1 किलोमीटर तक जूम किया जा सकता है. नई पीढ़ी के उपग्रह इनसैट-3DR ने भारत के मौसम की भविष्यवाणी में नए आयाम खोले हैं और जो देश के उत्तरी क्षेत्र में वायु प्रदूषण तेज करने वाली खेत में लगने वाली आग का पता लगाने की क्षमता के साथ देश को लैस करने के लिए सेट किया गया है.
- आंध्रप्रदेश के चित्तूर जिले में अगले तीन वर्षों में चार परिधान विनिर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए गोकलदास एक्सपोर्ट्स ने आंध्रप्रदेश सरकार के साथ एक सहमति ज्ञापन पर (MoU) पर हस्ताक्षर किये हैं. कंपनी

ने 200 करोड़ रु निवेश करने की योजना बनाई है जिससे लगभग 5,000 नई नौकरियाँ उत्पन्न होंगी.

- डेनमार्क ने गूगल और एप्पल जैसे प्रौद्योगिकी दिग्गजों के साथ अपने संबंधों के प्रबंधन के लिए एक 'डिजिटल एम्बेसडर' की नियुक्ति की घोषणा की है. ऐसा करने वाला यह पहला देश है.
- एंट फाइनेंसियल, ई-कॉमर्स की दिग्गज कंपनी अलीबाबा की फाइनेंसियल आर्म ने $880 मिलियन में अमेरिकी मनी-ट्रान्सफर मनीग्राम के अधिग्रहण का एक समझौते किया है. इस सौदे से भारत और थाईलैंड के बाद अमेरिका में भी इस फर्म के व्यापार का विस्तार होगा.
- ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतने के बाद, स्विट्ज़रलैंड के रोजर फेडरर, टेनिस इतिहास में टूर्नामेंट से $100 मिलियन (680 करोड़ रु) से ज्यादा कमाई करने वाले नोवाक जोकोविक के बाद दूसरे खिलाड़ी बन गए हैं.




- संसद का बजट सत्र आज (31 जनवरी 2017) को शुरू हो रहा है और राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी, राज्य सभा एवं लोकसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगे. सत्र के पहले दिन आर्थिक सर्वे भी सदन के पटल पर रखा जाएगा.
- इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक (IPPB) ने रायपुर और रांची में अपनी पायलट सेवा शुरू करने के साथ अपना संचालन शुरू किया. बैंक 25,000 रु के जमा पर 4.5% की ब्याज दर; 25,000-50,000 रु पर 5%; 50,000-1,00,000 रु की जमा पर 5.5% ब्याज दर देगा. नए बैंक की चुकता इक्विटी 800 करोड़ रु है, जिसमें से सरकार ने पहले ही 275 करोड़ रु का संचार (infuse) कर लिया है.
- लोगों को बड़ी राहत देते हुए, आरबीआई ने 01 फरवरी 2017 से एटीएम से निकासी की सीमा समाप्त कर दी है और साथ ही तत्काल प्रभाव से चालू खाता और ओवरड्राफ्ट खाता की सभी सीमाएं भी वापिस ले ली हैं.
- उच्चतम न्यायालय (SC) ने पूर्व नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (CAG) विनोद राय को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) का प्रमुख तय किया है. साथ ही रामचंद्र गुहा और आईडीएफसी के एमडी और सीईओ विक्रम लिमये को इस खेल निकाय का प्रशासक नियुक्त किया है.
- मिस फ्रांस आइरिस मित्तेनेरे को मॉल ऑफ़ एशिया एरीना में मिस यूनिवर्स 2016 का ताज पहनाया गया. मिस हैती राकुएल पेल्लिस्सिएर पहली रनर अप रहीं.
- दुष्यंत चौटाला को भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (TTFI) के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है. चौटाला टेनिस की इस सर्वोच्च भारतीय संस्था के सबसे युवा अध्यक्ष हैं.
- भारतीय अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा को हार्पर्स बाज़ार की '150 मोस्ट फैशनेबल वीमेन' सूची में शामिल किया गया है.
- भारतीय शटलर पीवी सिंधू ने रविवार को फाइनल मैच में इंडोनेशिया की जॉर्जिया मरिसका को हराकर सैय्यद मोदी इंटरनेशनल ग्रांड प्री गोल्ड जीत लिया है.
- केंद्रीय वित्त मंत्री अरुण जेटली ने 01 फरवरी 2017 को लोकसभा में केंद्रीय बजट 2017-2018 प्रस्तुत किया. यह नरेंद्र मोदी सरकार का चौथा बजट है.
- पूर्व विदेश राज्यमंत्री और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के लोकसभा सांसद ई. अहमद (78) का निधन हो गया है. बजट सत्र के पहले दिन राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी के अभिभाषण के दौरान संसद में उन्हें दिल का दौरा पड़ा था, जिसके बाद उन्हें दिल्ली के राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया था.
- 01 फरवरी 2017 को देश भर में बसंत पंचमी का त्यौहार बेहद उत्साह, उल्लास और ऊर्जा के साथ मनाया गया. यह त्यौहार शीत ऋतु की समाप्ति और बसंत ऋतु के प्रारंभ का प्रतीक है. प्रतिवर्ष यह त्यौहार प्रचलित भारतीय कैलेंडर विक्रम संवत के माघ महीने के पांचवे दिन 'पंचमी' को मनाया जाता है.
- शीर्ष दानदाता संयुक्त राज्य अमेरिका से धन में कटौती की आशंका के बीच, संयुक्त राष्ट्र की बच्चों की एजेंसी यूनिसेफ (UNICEF) ने दुनिया भर में संकट के दौरान पकडे गए 48 मिलियन बच्चों की सहायता के लिए 3.3 बिलियन अमेरिकी डॉलर राशि एकत्र करने के लिए अपील की है.

इस वर्ष की अपील 2016 की अपील की राशि से 18% ज्यादा है.

- वित्तीय वर्ष 2016-17 के पहले नौ महीनों के दौरान राजकोषीय घाटा, बजट अनुमान के 93.9% पहुँच गया. पिछले वित्तीय वर्ष 2015-16 के दौरान प्रारंभ के 9 महीनों में राजकोषीय 87.9% था. राजकोषीय घाटा व्यय एवं राजस्व के बीच का अंतर होता है.
- 1985 बैच के केन्द्र शासित प्रदेश (यूटी) कैडर के आईपीएस अधिकारी अमूल्य पटनायक दिल्ली पुलिस के नए आयुक्त नियुक्त किये गए हैं. उन्होंने आलोक वर्मा का स्थान लिया है.
- फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी (FGII) ने पुणे स्थित बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र के साथ एक एजेंसी करार की घोषणा की है.
- कर्नाटक राज्य की कैबिनेट ने कंबाला और बैलगाड़ी दौड़, जो कर्नाटक में हर वर्ष होने वाला एक पारंपरिक त्यौहार है, को वैधानिक बनाने के लिए पशु क्रूरता निवारण अधिनियम, 1960 में संशोधन को अपनी मंजूरी दे दी है.
- रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (RInfra) के पूर्णतः स्वामित्व वाली शाखा रिलायंस डिफेंस एंड इंजीनियरिंग लिमिटेड (RDEL) ने भारतीय तटरक्षक बल के लिए 14 तेज गश्ती पोतों के डिजाइन और निर्माण के लिए रक्षा मंत्रालय के साथ 916 करोड़ रु की कीमत के एक कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर किये हैं.
- वरिष्ठ पत्रकार देवदत्त का निधन हो गया. वह 88 वर्ष के थे. वह अपने प्रारंभिक दिनों से गाँधीवादी थे और 30 जनवरी 1948 को बिरला भवन मेमन जब गाँधी जी की हत्या हुई थी, उस समय वो वहां मौजूद थे.
- केंद्रीय बजट में वित्तीय वर्ष 2017-18 के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के पुनर्पूंजीकरण के लिए 10,000 करोड़ रु आवंटित किये गए हैं.
- वित्त मंत्री अरुण जेटली ने भुगतान पारिस्थितिकी तंत्र में संरचनात्मक सुधार लाने के भाग के रूप में, रिजर्व बैंक के गवर्नर उर्जित पटेल की अध्यक्षता में, आरबीआई में एक छह सदस्यीय भुगतान नियामक बोर्ड बनाने का प्रस्ताव दिया है. मौजूदा 'भुगतान एवं निपटान प्रणाली का विनियमन और पर्यवेक्षण बोर्ड' की जगह आरबीआई में भुगतान नियामक बोर्ड बनाने के प्रयोजन हेतु आवश्यक संशोधन वित्त विधेयक 2017 में प्रस्तावित किये गए हैं.
- राष्ट्रीय विमानन कंपनी एअर इंडिया को सरकार द्वारा दी जा रही वित्तीय सहायता के तहत 2017-18 में इक्विटी के रूप में 1,800 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे. यह राशि 2016-17 के आवंटन की तुलना में थोड़ा अधिक है.
- व्यापारियों के लिए ट्रांजेक्शन की लागत कम करने के उददेश्य से आयात के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करने के कदम के रूप में, भारत सरकार एक नयी योजना शुरू करेगी. 2017-18 में एक नयी और पुनर्गठित केन्द्रीय योजना, निर्यात योजना के लिए व्यापार बुनियादी ढांचा (TIES) शुरू किया जाएगा.
- कड़ी सुरक्षा के बीच सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेला का 31वां संस्करण शुरू हुआ. 15 दिवसीय मेला का उद्घाटन हरियाणा के फरीदाबाद में, राज्य के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने किया. मेले में 20 से अधिक देश भागीदारी कर रहे हैं और इस वर्ष मिस्र (इजिप्ट) साझेदार देश एवं झारखंड साझेदार राज्य है.
- सुशील चंद्रा के नेतृत्व में आयकर विभाग (ITD) ने 09 नवंबर से 30 दिसम्बर 2016 तक बैंक में जमा किये गए धन की जाँच के लिए ऑपरेशन क्लीन मनी शुरू किया.
- मेघालय का पहला अपैरल और गारमेंट मेकिंग सेंटर का उद्घाटन केंद्रीय कपड़ा मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी और मेघालय के मुख्यमंत्री डॉ मुकुल संगमा ने अम्पति के निकट दक्षिण पश्चिम गारो पहाड़ियों में किया.
- निजी क्षेत्र के ऋणदाता लक्ष्मी विलास बैंक ने बंगलुरु स्थित फिन-टेक स्टार्टअप फर्म फिस्डोम (Fisdom) के साथ साझेदारी में, एक मोबाइल एप मिशन फिनफिट (Mission FINFIT) शुरू किया है.
- रेटिंग एजेंसी, इकरा (ICRA) की रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्तीय वर्ष (2016-17) में बैंक ऋण वृद्धि दर 5-6% रहेगी.
- अफ़्रीकी देश चाड (Chad) के विदेशी मंत्री मोऊसा फ़की महामत (Moussa Faki Mahamat) अफ़्रीकी संघ (AU) आयोग के प्रमुख चुने गए हैं. अफ़्रीकी संघ आयोग (AUC), संघ का सचिवालय है जिसका मुख्यालय इथोपिया के अदीस अबाबा में है.
- केंद्र सरकार ने भारत की हज नीति में सुधार करने के तरीके पर एक रिपोर्ट देने के लिए और 2012 के उच्चतम न्यायालय के आदेश के आलोक में हज यात्रियों को दी जाने वाली सब्सिडी को धीरे-धीरे कम करने एवं 2022 तक पूर्णतः ख़त्म करने के लिए एक छः सदस्सीय पैनल गठित किया है.
- अब जबकि 05 फरवरी 2017 को राष्ट्रपति भवन में स्थित मुग़ल गार्डन पुनः खोल दिया गया है, इस बार आगंतुक पहली बार भारत के राष्ट्रपति और उनकी पत्नी

'सुब्रा मुखर्जी' के नाम के गुलाब देख सकेंगे. सुब्रा मुखर्जी का अगस्त 2015 में निधन हो गया था.

- गैरकानूनी रूप से आधार-संबंधित सेवाएँ देने वाली और जनता से अत्यधिक पैसे चार्ज करने वाली अनधिकृत एजेंसियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (UIDAI) ने ऐसी 12 वेबसाइटों एवं गूगल प्लेस्टोर पर उपलब्ध 12 मोबाइल एप्स को बंद कर दिया है.






- शीर्ष पदों में परिवर्तन के बावजूद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने वित्तीय मॉडल और शासन संरचना में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के नए बदलावों का विरोध जारी रखा है.
- कक्षा में छोटे उपग्रहों को लांच करने वाली अमेरिकी स्टार्टअप प्लेनेट लैब्स ने, गूगल के 'टेरा बेला' उपग्रह व्यवसाय के अधिग्रहण की घोषणा की है.
- इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान एलिस्टेयर कुक को 'कमांडर ऑफ़ द मोस्ट एक्सीलेंट आर्डर ऑफ़ द ब्रिटिश एम्पायर' (CBE) से सम्मानित किया गया. उन्हें प्रिंस चार्ल्स द्वारा बकिंघम पैलेस में CBE से सम्मानित किया गया.
- पिछले साल चीन में लापता हुए 611 बच्चों को खोजने में सहायता के लिए अलीबाबा द्वारा एक मोबाइल एप्लिकेशन विकसित की गई है. इस एप का नाम 'Tuanyuan' एप है जिसका चीनी भाषा में अर्थ 'पुनर्मिलन' होता है.
- केपीएमजी इंडिया बोर्ड ने भारतीय परिचालन का नेतृत्व करने और प्रमुख लेखांकन परामर्श अधिकारी के रूप में अरुण एम कुमार को चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी निर्वाचित किया है. वह रिचर्ड रेखी का स्थान लेंगे.
- नकद लेनदेन को हतोत्साहित करने के लिए, देश के निजी क्षेत्र के दूसरे सबसे बड़े बैंक एचडीएफसी बैंक ने, नकद लेनदेन गतिविधियों पर बचत खाता धारकों के लिए तेजी से फीस बढ़ाने का फैसला किया है. बैंक ने थर्ड पार्टी लेन-देन की सीमा 25,000 रु प्रतिदिन कर दी है, साथ ही शाखाओं पर मुफ्त नकद लेनदेन की संख्या को भी 5 से कम करके 4 कर दिया है.
- प्रमुख स्टॉक एक्सचेंज एनएसई (नैशनल स्टॉक एक्सचेंज) इंडिया ने आईडीएफसी प्रमुख विक्रम लिमये को नया एमडी व सीईओ नियुक्त किया है. लिमये अभी आईडीएफसी के एमडी व सीईओ हैं और वे एनएसई में चित्रा रामकृष्णन की जगह लेंगे, जिन्होंने पिछले महीने इस्तीफा दे दिया था.
- पूर्व सीबीआई प्रमुख जोगिन्दर सिंह, जिन्होंने बोफोर्स घोटाला और बिहार के चारा घोटाला समेत विभिन्न हाई-प्रोफाइल मामलों की जाँच का नेतृत्व किया था, का 77 वर्ष की आयु में निधन हो गया.
- चैंपियन क्युइस्ट पंकज अडवाणी ने एकतरफ़ा फाइनल मुकाबले में रेलवे के पांडुरंगैय्या को 6-0 से हराकार राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप ख़िताब जीता.
- स्वास्थ्य मंत्रालय ने बेंगलुरु में एक समारोह के दौरान रूबेला टीकाकरण अभियान की शुरूआत की. खसरा और रूबेला रोगों के खिलाफ यह अभियान कर्नाटक, तमिलनाडु, पुडुचेरी, गोवा और लक्षद्वीप से शुरू होगा जिसमे 3.6 करोड़ बच्चों को कवर किया जाएगा.
- केंद्रीय खेल मंत्री विजय गोयल ने गाँधीनगर, गुजरात में दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए पहले उत्कृष्टता केंद्र की आधारशिला रखी.
- अन्नाद्रमुक (AIADMK) की घोषणा के अनुसार अन्नाद्रमुक प्रमुख शशिकला नटराजन, ओ पनीरसेल्वम के स्थान पर तमिलनाडु की अगली मुख्यमंत्री के रूप में पदभार ग्रहण करेंगी. अन्नाद्रमुक विधायको ने भी विधायक दल के नेता के रूप में शशिकला नटराजन को निर्वाचित किया.
- संविधान के भाग IX A के प्रावधान, जो नगर पालिकाओं से संबंधित है, से राज्य को मुक्त करने हेतु एक अध्यादेश जारी करने के लिए नागालैंड कैबिनेट ने प्रधानमंत्री को एक ज्ञापन देने का निर्णय किया है.
- गांवों के समग्र विकास की दिशा में बदलाव लाने की पहल में, असम के मुख्यमंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने गुवाहटी में मुख्यमंत्री समग्र ग्राम्य उन्नयन योजना (CMSGUY) का शुभारंभ किया.

- कॉरपोरेशन बैंक ने भारत भर में बैंक के वितरण नेटवर्क के माध्यम से उत्पादों और सेवाओं को बाजार उपलब्ध कराने के लिए रेलिगेयर हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए.
- तेलंगाना सरकार ने तेलंगाना के निज़ामाबाद में भारत के पहले सोशल इनोवेशन हब 'दि काकतीय हब फॉर सोशल इनोवेशन' की शुरुआत की.
- झारखंड के मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा है कि राज्य सरकार की नौकरियों में खिलाडि़यों को 2% आरक्षण और पौष्टिक खाना दिया जाएगा.
- नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (BCAS) ने बजट विमानन कंपनी इंडिगो के उड्डयन सुरक्षा प्रशिक्षण की सुविधा का लाइसेंस निलंबित कर दिया है. नियामक प्राधिकरण ने यह निर्णय उसके कुछ परीक्षण के बाद उसमें गंभीर खामियां पाए जाने के बाद किया.
- टैक्सी सेवा देने वाली वैश्विक कंपनी उबर ने एक नयी श्रेणी उबरहायर (UberHire) की शुरुआत करने की घोषणा की है जो कई स्थलों को कवर करने के लिए ग्राहकों को एक दिन के लिए टैक्सी किराये पर लेने की अनुमति देता है. इसका लक्ष्य वरिष्ठ नागरिक, व्यापार यात्री और पर्यटक होंगे.
- भारत जुलाई 2017 में एफआईबीए महिला एशिया कप बास्केटबॉल टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा. भारतीय बास्केटबॉल फेडरेशन (BFI) के अध्यक्ष गोविन्दराज ने बताया कि महिलाओं के लिए प्रमुख महाद्वीपीय टूर्नामेंट 23 जुलाई से 29 जुलाई 2017 तक आयोजित किया जाएगा.
- भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान विराट कोहली, जिन्होंने हाल ही में खेल के तीनों प्रारूपों में इंग्लैंड के खिलाफ जीत के लिए अपनी टीम का नेतृत्व किया, उन्हें क्रिकेट की बाइबिल 'विज्डन क्रिकेटर्स अल्मनाक' में नवीनतम कवर स्टार के रूप में चित्रित किया गया है.
- केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्रालय, एक राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) के गठन के लिए तैयार है जो उच्च एवं माध्यमिक शिक्षा की प्रवेश परीक्षाओं के संचालन के लिए उत्तरदायी होगा.
- 06 फरवरी 2017 को एक मध्यम तीव्रता का भूकंप उत्तराखंड से टकराया जिसे रिक्टर स्केल पर 5.8 तीव्रता का मापा गया, और जिसके झटके दिल्ली एवं उत्तर भारत के अन्य क्षेत्रों में भी महसूस किये गए. राष्ट्रीय भूकंप ब्यूरो में संचालन हेड जेएल गौतम ने बताया कि भूकंप का केंद्र उत्तराखंड का रुद्रप्रयाग जिला था.
- आंध्र प्रदेश में, पहला स्मार्ट पुलिस स्टेशन, जो प्रवेश करने पर कॉरपोरेट शैली के किसी कार्यालय जैसा प्रतीत होता है, कार्यरत हो चुका है. मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने राजधानी क्षेत्र अमरावती के नगरमपलेम में पहले मॉडल पुलिस स्टेशन का उद्घाटन किया. उन्होंने ओल्ड गुंटूर शहर में दूसरे मॉडल पुलिस स्टेशन का उद्घाटन भी किया.
- रेल मंत्रालय ने अंडमान द्वीप के सबसे बड़ा शहर डिगलीपुर के साथ पोर्ट ब्लेयर को जोड़ने के लिए 240 किलोमीटर ब्रॉड गेज रेलवे लाइन निर्माण परियोजना को मंजूरी दी है जहाँ अब तक कोई रेल नेटवर्क नहीं है.
- जम्मू एवं कश्मीर में पर्यटन परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए पर्यटन मंत्रालय, NPCC & NBCC और जम्मू-कश्मीर सरकार ने एक त्रिपक्षीय समझौते ज्ञापन (MoU) पर हस्ताक्षर किये.
- सार्वजनिक क्षेत्र के ऋणदाता बैंक ऑफ़ महाराष्ट्र ने बीमा कंपनी सिग्ना टीटीके हेल्थ के साथ पूरे देश भर में बैंक की शाखाओं से बीमा कंपनी के उत्पादों को बेचने के लिए साझेदारी की है.
- भारत के तीसरा सबसे बड़े निजी बैंक, एक्सिस बैंक ने, एक सीमा पार भुगतान नेटवर्क अर्थपोर्ट पीएलसी के साथ अत्याधुनिक वैश्विक भुगतान नेटवर्क के माध्यम से अपने ग्राहकों के लिए तेजी से आउटबाउंड सीमा पार भुगतान सेवा प्रदान करने के लिए करार किया है.
- उज्जीवन लघु वित्त बैंक ने अधिकारिक रूप से 5 शाखाओं के साथ बेंगलुरु में अपना पायलट संचालन शुरू किया. समित घोष उज्जीवन लघु वित्त बैंक के एमडी और सीईओ हैं.
- भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के प्रयास में, भारतीय तटरक्षक शिप (आईसीजीएस) समुद्र पावक ने 4 से 7 फरवरी, 2017 के बीच मीना अल राशिद (दुबई पोर्ट) की एक सद्भावना यात्रा की शुरुआत की है.
- एलिस्टेयर कुक ने इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान के रूप में 59 मैचों में कप्तानी करने के बाद इस्तीफा दे दिया है.
- भारत के बिलियर्ड्स और स्नूकर महासंघ (BSFI) ने बताया कि भारत अगले चार वर्षों के लिए विश्व बिलियर्ड्स चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा.
- बजट 2017 के बाद 2017 की पहली मौद्रिक नीति समीक्षा में रिजर्व बैंक के गवर्नर उर्जित पटेल के नेतृत्व में मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने मुख्य रेपो दर को 6.25% पर अपरिवर्तित रखा है.

- परमाणु आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए वैश्विक पहल के कार्यान्वयन और मूल्यांकन समूह की बैठक नई दिल्ली में आरंभ हुई.
- सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय सुरक्षा को बढ़ाने और नकली उपयोगकर्ताओं को रोकने के लिए ई-केवाईसी तंत्र को 'आधार' से जोड़ने के माध्यम से मोबाइल ग्राहकों की पहचान के विवरण दर्ज करने की सरकार की योजना को मंजूरी दे दी है.
- स्थलीय एवं उपग्रह प्रसारण पर अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन एवं प्रदर्शनी का 23वां संस्करण नई दिल्ली में आयोजित किया गया. 3-दिवसीय सम्मेलन का आयोजन प्रसारण इंजीनियरिंग सोसायटी (भारत) द्वारा किया गया था. सम्मेलन का विषय (थीम) 'Hybrid Technologies in Broadcasting New Opportunities' था.
- भारतीय रिज़र्व बैंक ने घोषणा की है कि बचत खातों से नकद निकालने पर लगी सीमा 13 मार्च 2017 से समाप्त हो जाएगी.
- बैंक ऑफ़ बड़ौदा (BOB) ने किसानों को इनबिल्ट ओवरड्राफ्ट की सुविधा वाले डेबिट कार्ड उपलब्ध कराने के लिए भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (IFFCO) के साथ एक करार किया है.
- आईसीआईसीआई बैंक की एक सहायक कंपनी आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज ने ऑनलाइन मल्टी-एसेट ट्रेडिंग और निवेश विशेषज्ञ सक्सो बैंक (Saxo Bank) के साथ एक रणनीतिक साझेदारी में प्रवेश किया है.
- निजी क्षेत्र के ऋणदाता एचडीएफसी बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक, भारत बिल पेमेंट सिस्टम (BBPS) के साथ लाइव हो गए हैं जिसका उददेश्य उपयोगिता और उपभोक्ताओं के लिए अन्य दोहराए बिल भुगतान को सहज बनाना है.
- सौरभ वर्मा ने पटना में आयोजित 81वें सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में लक्ष्य सेन को हराकर पुरुष एकल खिताब जीता.
- 2016 में स्थापित फोटोवोल्टिक क्षमता को दुगुना करते हुए जर्मनी को पछाड़ते हुए चीन विश्व में सौर ऊर्जा का सबसे बड़ा उत्पादक बन गया है.
- राज्य के कैबिनेट सदस्यों के लिए ई-कैबिनेट सलूशन को लागू करने वाला अरुणाचल प्रदेश पूर्वोत्तर का पहला राज्य बन गया है. इस सिस्टम का प्रयोग करके, कैबिनेट सदस्य कैबिनेट बैठक से पहले कैबिनेट नोट्स का उपयोग कर सकते हैं. ई-कैबिनेट का प्रयोग करके कैबिनेट का पूरा कार्य किया जा सकता है.
- निजी क्षेत्र के ऋणदाता आईडीएफसी बैंक ने, पहली बार ऋण लेने वालों को सक्षम बनाने के लिए जिनका लोन लेने के लिए कोई ऋण इतिहास नहीं है, फिनटेक स्टार्टअप इंडियालेंड्स (IndiaLends) के साथ हाथ मिलाया है. अब बिना क्रेडिट हिस्ट्री वाले सवैतनिक आवेदकों के लोन आग्रह पर रियल-टाइम आधार पर कार्रवाई की जाएगी.
- वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (CBDT) ने चार अन्य एकपक्षीय अग्रिम मूल्य निर्धारण करार (APAs) पर हस्ताक्षर किये हैं. हस्ताक्षर किए गए चार APAs अर्थव्यवस्था के निर्माण, वित्तीय और सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्रों से संबंधित हैं.
- सरकार ने एफएमसीजी व सिगरेट कंपनी आईटीसी में 2% हिस्सेदारी बेचकर लगभग 6,700 करोड़ रु की रकम जुटाई है. इसके बाद आईटीसी में सरकार की करीब 9.12% हिस्सेदारी बची है. सरकार ने यह हिस्सेदारी सूटी (स्पेसीफाइड अंडरटेकिंग ट्रस्ट ऑफ इंडिया) के ज़रिए बेची है.




- सरकार ने चार साल के कार्यकाल के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के शक्तिशाली सेंट्रल बोर्ड में तीन अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक नियुक्त किये हैं. मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (ACC) ने अशोक गुलाटी, मनीष सभरवाल और राजीव कुमार को केंद्रीय बोर्ड में अंशकालिक गैर सरकारी निदेशक नियुक्त किया है.
- अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स एसोसिएशन फेडरेशन ने अगस्त में होने वाली 'विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप' में रूस के भाग लेने पर पाबंदी लगाई है. फेडरेशन ने रूस पर डोपिंग के

कारण लगे प्रतिबंध को आगे बढ़ाते हुए यह पाबंदी लगाई है. गौरतलब है कि 2015 में विश्व एंटी डोपिंग एजेंसी ने रूस पर बड़े पैमाने पर डोपिंग करने को लेकर बैन लगाया था.

- कनाडा में स्थित एक भारतीय मूल की न्यूरोसर्जन डॉ शावना पंड्या को नासा द्वारा उसके नागरिक विज्ञान अंतरिक्ष यात्री (सीएसए) के कार्यक्रम के अंतर्गत 2018 के अंतरिक्ष मिशन के लिए चुना गया है. यदि सब योजना के अनुसार होता है तो, डॉ पंड्या (32) कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स की लीग में शामिल हो सकती हैं.
- गुजरात, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में पूरी तरह नकदीरहित व्यवस्था लागू करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है. इसके लागू होने से खाद्य सुरक्षा कानून के लाभार्थी भी अब केवल आधार कार्ड दिखा कर राशन ले सकेंगे. इस व्यवस्था के जरिए रेल और हवाई टिकट समेत 30 डिजीटल पेमेंट सेवाओं का भी लाभ ऐसी दुकानों पर लिया जा सकेगा.
- 10 फरवरी 2017 को हैदराबाद में बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैच में खेलते हुए विराट कोहली ने रिकॉर्ड छठी बार 150+ रन बनाये, और किसी भारतीय कप्तान द्वारा टेस्ट मैच में सर्वाधिक 150+ रन बनाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया. कोहली ने सुनील गावस्कर और मोहम्मद अजहरुद्दीन का रिकॉर्ड तोड़ा; इन दोनों ने ही कप्तान के रूप में पांच बार 150+ रन बनाये थे.
- मार्च 2019 तक 6 करोड़ परिवारों को डिजिटल रूप से साक्षर करने के लिए कैबिनेट ने प्रधानमंत्री ग्रामीण डिजिटल साक्षरता अभियान (PMGDISHA) को मंजूरी दे दी है.
- भारत और अमेरिका प्रमुख द्विपक्षीय रक्षा प्रयासों में गति बनाये रखने पर सहमत हो गए हैं. यूएस के रक्षा सचिव जेम्स मैटिस (James Mattis) ने भारतीय रक्षा मंत्री मनोहर पर्रीकर को फोन किया और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग में किए गए जबरदस्त प्रगति को आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई.
- दोहरे कराधान से बचने और राजकोषीय अपवंचन की रोकथाम के लिए भारत और ऑस्ट्रिया ने मौजूदा द्विपक्षीय कराधान संधि में संशोधन के लिए एक प्रोटोकॉल पर हस्ताक्षर किये हैं.
- साइबर सुरक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए, भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने विभिन्न खतरों की जांच करने और उन्हें डील करने के लिए उपाय सुझाने के लिए साइबर सुरक्षा पर एक अंतर-अनुशासनात्मक पैनल स्थापित करने का निर्णय लिया है. यह निर्णय मीना हेमचन्द्र की अध्यक्षता वाले 'सूचना प्रौद्योगिकी परीक्षा एवं साइबर सुरक्षा' पर विशेषज्ञ पैनल की सिफारिशों के आधार पर लिया गया है.
- हेमंत भार्गव को राज्य स्वामित्व वाले भारतीय जीवन बीमा निगम (LIC) का प्रबंध निदेशक नियुक्त किया गया है. वर्तमान में वह दिल्ली में LIC के जोनल मैनेजर हैं.
- हीरा उद्योग में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSME) को आगे बढ़ाने के लिए, बैंक ऑफ़ बड़ौदा (BoB) सूरत में प्रायोगिक आधार पर उद्योग के लिए एक आपूर्ति श्रृंखला वित्तपोषण उत्पाद लांच करने की योजना बना रहा है.
- वरिष्ठ वित्त मंत्रालय अधिकारी अजय त्यागी को भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) का प्रमुख नियुक्त किया गया है. वो यूके सिन्हा का स्थान लेंगे जिनका विस्तारित कार्यकाल 01 मार्च 2017 को ख़त्म हो रहा है.
- बिम्सटेक (BIMSTEC) के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक का 17वां सत्र 07 फरवरी 2017 को काठमांडू में संपन्न हुआ. 17वें BIMSTEC-SOM बैठक में नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने बताया कि चौथी बिम्सटेक शिखर सम्मलेन (BIMSTEC Summit) की मेजबानी 2017 में नेपाल करेगा.
- कुशल श्रम के साथ निर्माण कार्य को गति देने जिसका परिणाम तेजी से प्रतिपादन और हस्तांतरण है, की जरूरत को संबोधित करने के लिए पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (PNBHFL) ने कोलकाता और उसके आस पास के गांवों के 1000 निर्माण श्रमिकों के प्रशिक्षण के लिए CREDAI-पश्चिम बंगाल के साथ एक एमओयू साइन किया है.
- संयुक्त राज्य अमेरिका में, सीनेट ने रिपब्लिकन सीनेटर जेस सेशंस को अमेरिका का अगला अटॉर्नी जनरल बनाये जाने की पुष्टि के लिए मत दिया.
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 फरवरी 2017 को विश्व रेडियो दिवस के अवसर पर अपनी बधाइयाँ दी. पीएम मोदी ने रादिओं को "बातचीत करने, सीखने और संवाद के लिए एक बढ़िया तरीका " बताया.
- आँध्रप्रदेश विधानसभा द्वारा आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय महिला संसद (NWP) 'महिला सशक्तीकरण-लोकतंत्र का सुदृढ़ीकरण' थीम के साथ राजधानी अमरावती में शुरू हुई.
- केंद्र सरकार ने देश के 10 भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) के निदेशक पदों पर नियुक्तियों को मंज़ूरी

देते हुए देश के प्रतिष्ठित 20-बिज़नेस स्कूलों में पहली बार किसी महिला निदेशक की नियुक्ति को मंजूरी दी.

- एंड्राइड पर सफल लांच के बाद अब भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एसपीसीआई) ने डिजिटल पेमेंट ऐप 'BHIM' (भारत इंटरफेस फॉर मनी) को आईओएस डिवाइसेज़ पर भी उपलब्ध करा दिया है.
- अमेरिका और जापान की सेना ने पहली बार अंतरिक्ष में एक मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल लक्ष्य को भेदकर मिसाइल रक्षा प्रणाली स्टैण्डर्ड मिसाइल-3 (SM-3) ब्लाक IIA का सफलतापूर्वक परिक्षण किया. इस मिसाइल को अमेरिका के हवाई द्वीप के पश्चिम तट पर एक जहाज से प्रक्षेपित किया गया था.
- आज 12 फरवरी 2017 को होने वाले 59वें वार्षिक ग्रैमी पुरस्कार समारोह में तीन ट्रॉफी विजेता ट्रांसजेंडर होंगे. ये तीन विजेता होंगे मॉडल मार्टिना रोब्लेदो; मॉडल और अभिनेता डेरेल मरक्को और मॉडल एवं अभिनेत्री होलिन हैले. समारोह के मेजबान जेम्स कार्डन होंगे.
- अपनी 39वीं उड़ान (PSLV-C37) में PSLV, 103 सह-उपग्रहों के साथ पृथ्वी अवलोकन के लिए 714 किग्रा के कार्टोसैट-2 उपग्रह का प्रक्षेपण करेगा. यह 505 किमी की ध्रुवीय सूर्य समकालिक कक्षा (SSO) में प्रक्षेपित किया जाएगा. PSLV-C37/कार्टोसैट-2 श्रृंखला उपग्रह मिशन का प्रक्षेपण भारतीय समयानुसार 15 फरवरी 2017 को 9.28 बजे SDSC SHAR श्रीहरिकोटा से होना निश्चित है.
- प्रति वर्ष 12 से 18 फरवरी को राष्ट्रीय उत्पादकता सप्ताह के रूप में मनाया जाता है. इस वर्ष इस सप्ताह की थीम (विषय) 'कम करके, रीसायकल और पुन: उपयोग द्वारा अपशिष्ट से लाभ (From Waste to Profits-through Reduce, Recycle and Reuse)' है.
- जापान की कॉमिक आर्ट मंगा (Manga) के लिजेंड जीरो तानिगुची (Jiro Taniguchi) का 69 वर्ष की आयु में निधन हो गया.
- बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 12 फरवरी 2017 को भारत ने पाकिस्तान को ब्लाइंड टी-20 विश्व कप 2017 के फाइनल में हराकर खिताब अपने नाम कर लिया. पहले बल्लेबाज़ी करते हुए पाकिस्तान ने भारत को 198 रनों का लक्ष्य दिया था, जिसे भारतीय टीम ने 1 विकेट खोकर 17.4 ओवर में हासिल कर लिया.
- मैंगलोर रिफाइनरी एंड पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड (MRPL) ने मंगलुरु में कौशल विकास केंद्र की शुरुआत की है. उद्घाटन कार्यक्रम में MRPL के एमडी एच कुमार ने कहा कि यह केंद्र 'औद्योगिक बिजली मिस्त्री' और 'सीएनसी ऑपरेटर-टर्निंग' जैसे विभिन्न क्षेत्रों में 60 युवाओं को प्रशिक्षित करेगा.
- अंतर्राष्ट्रीय मसाला सम्मेलन (International Spice Conference) का दूसरा संसकरण 12 फरवरी 2017 को केरल के तिरुवनंतपुरम जिले में कोवलम में शुरू हुआ. तीन दिवसीय सम्मलेन की मेजबानी अखिल भारतीय मसाला निर्यातकों का फोरम (AISEF), कोचीन वाणिज्य एवं उद्योग चैंबर के साथ मिलकर कर रहा है.
- इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी में उद्यमशीलता और नवीनता के समर्थन के लिए केंद्र ने 6831 करोड़ रु कोष के साथ दूरसंचार मंत्रालय के इलेक्ट्रॉनिक डेवलपमेंट फंड की स्थापना को मंजूरी दे दी है.




- भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने खाद्य पदार्थों के सुदृढ़ीकरण पर नियमों को अंतिम रूप से फ्रेम करने के लिए और कुपोषण की समस्या का रणनीतिक समाधान तैयार करने के लिए एक 11 सदस्सीय वैज्ञानिक पैनल नियुक्त किया है.
- मोनेट इस्पात एंड एनर्जी लिमिटेड के सीएमडी संदीप जगोडिया को उद्योग चैम्बर एसोचैम का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. उन्होंने सुनील कनोरिया का स्थान लिया है.
- पूर्व आईएफएस अधिकारी नरिंदर चौहान को फिलीपींस गणतंत्र में भारत का अगला राजदूत नियुक्त किया गया है. वर्तमान में श्रीमती चौहान सर्बिया गणतंत्र में भारत के राजदूत के रूप में नियुक्त हैं.
- फीफा के शासी निकाय ने अर्जेंटीना के पूर्व फुटबॉल खिलाड़ी डिएगो माराडोना को अपना नया एम्बेसडर नियुक्त किया है.

- तज्ञ वायलिन वादक यो-यो मा (Cello virtuoso Yo-Yo Ma) ने अपने सिल्क रोड पहनावे के साथ यूरेशिया भर में संगीत कनेक्शन की एक खोज Sing Me Home के लिए ग्रैमी पुरस्कार जीता है.
- 70वें ब्रिटिश फिल्म और टेलीविजन आर्ट्स अकादमी (BAFTA) पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म और एमा स्टोन को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री समेत 5 ट्राफी जीतकर निर्देशक डैमियन चैज़ेल्स की म्यूजिकल 'ला ला लैंड' ने अपना पुरस्कार प्रभुत्व जारी रखा. ब्रिटिश-भारतीय स्टार देव पटेल को भी 'लायन' के लिए सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता की श्रेणी में पुरस्कार मिला.
- स्पिनर रविचंद्रन अश्विन रविवार को हैदराबाद में बांग्लादेश के कप्तान मुश्फिकुर रहीम का विकेट झटककर टेस्ट में सबसे तेज़ी से 250 विकेट लेने वाले गेंदबाज़ बन गए.
- 11वां इंटरनेशनल एयरोस्पेस और रक्षा प्रदर्शनी - एयरो इंडिया 2017 बेंगलुरु के येलेहंका एयर फ़ोर्स स्टेशन पर 14 फरवरी 2017 को शुरू हुआ. पांच दिवसीय द्विवार्षिक घटना रक्षा प्रदर्शनी संगठन (DEO) द्वारा मनाई जा रही है. लगभग 270 भारतीय और 279 विदेशी कंपनियां इस एक्सपो में भाग लेंगी.
- आयकर विभाग ने इस वित्त वर्ष में 1.42 लाख करोड़ रु का रिफंड जारी किया है. यह पिछले वर्ष से 41.5 प्रतिशत अधिक है.
- स्वयं को एक मूल्य आधारित अर्थव्यवस्था में परिणत करने के प्रयास के रूप में, थाईलैंड एयरोस्पेस, ऑटोमेशन, चिकित्सा सुविधाओं, फार्मास्यूटिकल, बायो-प्रौद्योगिकी और आईटी समेत विभिन्न क्षेत्रों में भारत की भागीदारी चाहता है.
- 02 फरवरी 2017 को विश्व नमभूमि दिवस के अवसर पर मणिपुर में चम्पू खांगपाक गाँव में विशेष रूप से स्कूल छोड़ चुके बच्चों के लिए लोकटक झील में भारत के पहले तैरते स्कूल 'लोकटक एलीमेंट्री फ्लोटिंग स्कूल' का उद्घाटन किया गया.
- भैंसों और बैल गाड़ी की पारंपरिक दौड़ 'कंबाला' को वैध करने के लिए कर्नाटक विधानसभा ने सोमवार को पशु क्रूरता निवारण (कर्नाटक संशोधन) विधेयक, 2017 पास कर दिया. यह विधेयक केवल उन कार्यक्रमों को अनुमति देता है, जिनमें पशुओं को अनावश्यक दर्द नहीं पहुंचाया जाएगा.
- श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री बंडारू दत्तात्रेय ने हैदराबाद में डाक घर द्वारा, युवाओं के लिए राष्ट्रीय कैरियर सेवा (NCS) और EPFO पेंशनर्स के लिए जीवन प्रमाण सुविधा की शुरुआत की.
- मुंबई में 13-14 फरवरी 2017 को विदेश मंत्रालय और गेटवे हाउस ने एक साथ, दूसरे दि गेटवे ऑफ़ इंडिया जियो इकॉनोमिक डायलाग का की मेजबानी की. इस सम्मेलन की थीम (विषय) 'Where Geopolitics meets Business' थी.
- आंध्रप्रदेश के पुत्तमराजू कन्द्रिगा के ग्रामीणों का जीवन बदलने के बाद, क्रिकेट आइकॉन और राज्यसभा सदस्य सचिन तेंदुलकर अब सांसद आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत उस्मानाबाद (महाराष्ट्र) के डोंजा गाँव को गोद लिया.
- गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रुपानी ने भारत की पहली कैशलेस टाउनशिप 'गुजरात नर्मदा घाटी उर्वरक और रसायन (GNFC) टाउनशिप' का उद्घाटन किया. GNFC में लगभग 10,000 घरों में नकद की बजाय भुगतान के लिए विभिन्न डिजिटल मोड अपनाये गए हैं.
- सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की वित्तीय स्थिति मज़बूत करने के लिए सरकार इंद्रधनुष 2.0 योजना की शुरुआत करेगी. इस योजना से बैंकों को बेसल-III नियमों के अनुरूप अपनी पूंजीगत स्थिति बनाए रखने में मदद मिलेगी. इससे पहले आरबीआई ने बैंकों से मार्च 2017 तक अपने एनपीए खातों की पहचान करने और बहीखातों को साफ-सुथरा बनाने का निर्देश दिया था.
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने आंध्रप्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अन्तरिक्ष केंद्र (SDSC) से एक ही राकेट से एक साथ 104 उपग्रह प्रक्षेपित कर रिकॉर्ड कायम किया है. इस मिशन में राकेट PSLV-C37 द्वारा 103 नैनोउपग्रह के साथ पृथ्वी अवलोकन के लिए CARTOSAT-2 श्रृंखला उपग्रह को पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया गया.
- हरियाणा सरकार ने अधिसूचना जारी की है कि किसी भी व्यक्ति को अपने निवास के अतिरिक्त किसी भी ऐसे स्थान पर शराब पीने की अनुमति नहीं है जो पंजाब एक्साइज एक्ट, 1914 के तहत लाइसेंस प्राप्त या अधिकृत नहीं है.
- केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री हर्षवर्धन आज 15 फरवरी 2017 को नई दिल्ली में खनन और ईंधन उद्योग के लिए अंतर्राष्ट्रीय नेक्सजेन टेक्नोलॉजीज सम्मेलन का उद्घाटन किया.
- केरल के पर्यटन और सहकारिता मंत्री कदकम्पल्ली सुरेन्द्रन ने केरल के तिरुवनंतपुरम में अंतर्राष्ट्रीय सिक्का मेला का उद्घाटन किया. तीन दिवसीय मेले का आयोजन

13-15 फरवरी 2017 तक जिला पर्यटन संवर्धन परिषद (DTPC) कर रहा है.

- सितंबर 2017 तक देश भर में 650 शाखाओं की स्थापना में मदद करने के लिए सरकार वित्त वर्ष 2017-18 के लिए भारतीय डाक भुगतान बैंक (IPPB) को 500 करोड़ रु आवंटित किये हैं.
- वैश्विक वित्तीय सेवा प्रदाता नोमुरा के अनुसार, उच्च मुद्रा के विमुद्रीकरण के प्रभाव के चलते जनवरी-मार्च तिमाही 2017 के दौरान भारत की जीडीपी 5.7% कम बने रहने का अनुमान है.
- फ्रांस स्थित यूनेस्को ने हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के सिरोपा में विश्व विरासत स्थल ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क (GNHP) में दो दिवसीय नेचर फेस्ट आयोजित किया.
- कैथोलिक सीरियन बैंक के कर्मचारियों एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के स्वैच्छिक बकायदारों के खिलाफ 'नेम एंड शेम अभियान' ने लाभांश देना शुरू कर दिया है.
- IDFC एसेट मैनेजमेंट कंपनी ने मुंबई में क्रेडिट अवसर कोष नाम से ओपन-एंडेड फिक्स्ड इनकम फंड लांच किया है जिससे एनएफ़ओ अवधि के दौरान कंपनी के राजस्व में 300-500 करोड़ रु वृद्धि का अनुमान है.
- ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एडम वोगेस ने कैनबरा में प्राइम मिनिस्टर्स XI टीम के कप्तान के रूप में श्रीलंका के खिलाफ अपना अंतिम मैच खेलकर, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से सन्यास की घोषणा की है.




- कैबिनेट ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) में उसके 5 सहयोगी बैंकों के विलय को अनुमति दे दी है. एसबीआई में स्टेट बैंक ऑफ मैसूर, स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एंड जयपुर, स्टेट बैंक ऑफ पटियाला, स्टेट बैंक ऑफ त्रावणकोर और स्टेट बैंक ऑफ हैदराबाद का विलय होगा.
- तमिलनाडु के राज्यपाल सी. विद्यासागर राव ने एआईएडीएमके विधायक दल के नेता ई.के. पलनीसामी को राज्य में सरकार बनाने के लिए आमंत्रित किया.
- "मोमेंटम झारखंड" के ब्रांड नाम से एक दो दिवसीय मेगा इवेंट ग्लोबल इन्वेस्टर सम्मिट झारखण्ड में रांची के खेलगांव में शुरू हुआ. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग द्वारा सम्मिट को संबोधित किया.
- भारत की केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री निर्मला सीतारमण और क्रोशिया गणतंत्र की उप-प्रधानमंत्री एवं अर्थव्यवस्था मंत्री ने द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा देने और आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए क्रोशिया के ज़ाग्रेब में एक समझौते पर हस्ताक्षर किये.
- केरल में तिरुवनंतपुरम स्थित एक ग्रुप, Thanal, ने जैविक कचरे के निपटान और गैर-जैविकनिम्नीकरण ठोस कचरे के प्रबंधन में तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए एक हेल्पलाइन जारी की है. यह हेल्पलाइन नंबर 94001 47150 है.
- अंडमान एवं निकोबार प्रशासन के सूचना एवं प्रचार निदेशालय द्वारा भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और फिल्म समारोह निदेशालय/IFFI के साथ पोर्टब्लेयर में पांच दिवसीय 'भारतीय पैनोरमा फिल्म समारोह' आयोजित किया जा रहा है.
- हाल ही में हुई CII पार्टनरशिप सम्मिट के दौरान आंध्रप्रदेश सरकार ने राज्य में 12 परिधान इकाइयां स्थापित करने के लिए विभिन्न कंपनियों के साथ 12 एमओयू साइन किये जिससे कुल लगभग 963 करोड़ रु का निवेश होगा एवं 46,000 नौकरियां पैदा होंगी.
- राज्य की जेलों में कैदियों की गणना करने के लिए, जहाँ अशांति के दौरान बंदियों की संख्या में बढ़ोतरी है, जम्मू एंड कश्मीर सरकार ने ई-जेल (e-Prison) परियोजना की शुरुआत की.
- अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) ने नई दिल्ली में अपना पहला पूरी तरह से एकीकृत क्षमता विकास केंद्र, दक्षिण एशिया प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता केंद्र (SARTTAC) शुरू किया है. SARTTAC का उद्घाटन भारत सरकार के वित्त मामलों के सचिव शक्तिकांत दास ने किया.
- पंजाब के फ़तेहगढ़ साहिब के अमलोह में स्थित एक निजी शैक्षणिक संस्थान देश भगत यूनिवर्सिटी ने पेशेवर

भारतीय हॉकी खिलाड़ी संदीप सिंह को मानद डॉक्टरेट उपाधि से सम्मानित किया है.

- यूएस स्थित थिंक टैंक दि हेरिटेज फाउंडेशन द्वारा जारी वार्षिक आर्थिक स्वतंत्रता सूचकांक 2017 में 186 अर्थव्यवस्थाओं में भारत को 143 रैंक दिया गया है. इस सूचकांक में हांगकांग, सिंगापुर और न्यूजीलैंड क्रमशः विश्व के तीन शीर्ष देश हैं.
- पांच जजों मद्रास हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय किशन कौल, राजस्थान हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस नवीन सिन्हा, छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस दीपक गुप्ता, केरल हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस मोहन एम शांतनागोदर और कर्नाटक हाईकोर्ट के जज एस अब्दुल नजीर ने सुप्रीम कोर्ट के नए जज के रूप में शपथ ली. अब सुप्रीम कोर्ट में कुल जजों की संख्या 28 हो गई है जो स्वीकृत पद 31 से 3 कम है.
- विज्ञान एक्सप्रेस जलवायु स्पेशल (SECAS II) को आज (17 फरवरी 2017) को सफदरजंग रेलवे स्टेशन से हरी झंडी दिखाई गई.
- एक एयरोस्पेस और रक्षा प्रौद्योगिकी कंपनी एक्सिसकैड्स (Axiscades) और एक स्लोवाकियाई फर्म वर्चुअल रियलिटी मीडिया ने एयरो इंडिया 2017 में एक औद्योगिक सहयोग समझौते (ICA) पर हस्ताक्षर किये.
- विदेश मंत्रालय (एमईए) के प्रवक्ता विकास स्वरुप को कनाडा में भारत का नया उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है.
- हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने शिमला के शिमला प्रेस क्लब में ड्रग्स की लत के खिलाफ अभियान की शुरूआत की.
- केरल कैबिनेट ने पथानमथित्ता जिले की पश्चिमी घाट पर्वत श्रृंखला के पेरियार टाइगर रिज़र्व में में स्थित तीर्थ सबरीमाला में ग्रीनफील्ड एअरपोर्ट बनाने के लिए अपनी सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है.
- केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने कोलकाता में भारतीय बीज कांग्रेस (Indian Seed Congress) 2017 का उद्घाटन किया. इस वर्ष सीड कांग्रेस का थीम (विषय) 'Seed of Joy' है.
- सुनील मेहता को तीन साल की अवधि के लिए पंजाब नेशनल बैंक (PNB) का नया गैर-कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त किया गया है.
- सरकार ने नीलम दामोदरन को बैंक ऑफ़ इंडिया का कार्यकारी निदेशक (Executive Director) नियुक्त किया है. उन्होंने 16 फरवरी 2017 को पदभार संभाला और उनका कार्यकाल 30 नवम्बर 2019 तक का होगा.
- झारखंड सरकार और माइक्रोसॉफ्ट इंडिया ने राज्य में शिक्षा एवं कृषि क्षेत्रों में बेहतर सुविधा प्रदान करने एवं नागरिक सेवाओं में सुधार करने के लिए, यह एमओयू राज्य सरकार को क्लाउड को एक्सप्लोर करने, मशीन को समझने और मोबाइल आधारित समाधान के लिए सहायता करेगा.
- भारतीय नौसेना के दूसरे सेलबोट 'तारिणी' को गोवा में एक समारोह में सेवा में शामिल किया गया. भारतीय नौसेना द्वारा इस पोत की पहली सभी-महिलाओं की वैश्विक जलयात्रा अगस्त 2017 में शुरू होने की उम्मीद है.
- बीसीसीआई के तीन जनरल मैनेजर में से एक, आरपी शाह ने, अपनी उम्र को कारण बताते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया. शाह जनरल मैनेजर (वाणिज्यिक) थे और बोर्ड के वाणिज्यिक हितो में बड़े फैसले लेने वालो में से एक माने जाते थे.
- मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने कहा है कि कॉलेज और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों को केन्द्रीय छात्रवृत्ति योजना के तहत लाभ लेने के लिये आधार कार्ड का प्रमाण देना होगा या आधार कार्ड बनवाना होगा.
- नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जयंत सिन्हा ने बताया कि क्षेत्रीय एयर-कनेक्टिविटी योजना, उड़ान (UDAN) को लागू करने के क्रम में देश भर में संचालित हवाईअड्डों की संख्या बढ़ाकर 50 हो जाएगी जबकि एक घंटे की यात्रा कीमत भी कम होकर 2,500 रु हो जाएगी.
- लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने मध्य प्रदेश के इंदौर में दो दिवसीय दक्षिण एशियाई अध्यक्ष सम्मलेन का उद्घाटन किया. छह देशों अफ़ग़ानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, भारत, मालदीव, नेपाल और श्रीलंका के प्रतिनिधि सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के तरीकों पर चर्चा करेंगे.
- मध्यप्रदेश में, सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक स्कूलों में 'मिल बांचे' कार्यक्रम आयोजित किया गया. मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, उनके साथी मंत्री, जन प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए स्कूलों में कक्षाएं लीं.
- केंद्र सरकार ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को डिजिटल रूप से व्यवसाय संचालन हेतु प्रोत्साहित करने के लिए कैश क्रेडिट (सीसी) सीमा में उनके टर्नओवर के वर्तमान के 20% से बढ़ाकर 30% तक वृद्धि कर दी है.

- भारतीय महिला टीम ने लाओस के वियंतियाने में चल रही एशियाई रग्बी सेवंस ट्रॉफी में रजत पदक हासिल किया.
- हरियाणा के संदीप कुमार ने नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पैदल चाल चैम्पियनशिप की पुरुषों की 50 किमी स्पर्धा में अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता.
- देश भर में लोगों को बड़ी राहत देते हुए आरबीआई ने अब बचत खाते से प्रति सप्ताह निकासी सीमा 50,000 रु कर दी है. 30 जनवरी 2017 को जारी एक आरबीआई अधिसूचना के अनुसार 20 फरवरी 2017 से एक खाते से 24,000 रु की बजाय 50,000 रु कर दी है. साथ 13 मार्च 2017 से निकासी सीमा पूरी तरह समाप्त हो जाएगी.
- नागालैंड के मुख्यमंत्री टी.आर. जेलियांग ने पद से इस्तीफा देने की घोषणा की है. उन्होंने 2014 में राज्य के मुख्यमंत्री का पद संभाला था.
- भारत ने बुनियादी ढांचे के विभिन्न विकास कार्यक्रमों के लिए नेपाल को 340 मिलियन अमेरिकी डॉलर के सॉफ्ट लोन को मंजूरी दी है.
- अपने 75वें स्थापना दिवस के अवसर पर, ओरिएण्टल बैंक ऑफ़ कॉमर्स (OBC) ने एक मोबाइल वॉलेट 'ओरिएण्टल बटुआ' सहित कई डिजिटल पेशकश की है.
- कर्नाटक बैंक लिमिटेड ने कंपनी द्वारा निर्मित वाणिज्यिक वाहनों की खरीद के लिए ग्राहकों को वित्त प्रदान करने के लिए डेमलर इंडिया कमर्शियल व्हीकल्स प्राइवेट लिमिटेड (DICV) के साथ एक एमओयू साइन किया है.
- आईआरबी इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स द्वारा प्रायोजित एक निवेश ट्रस्ट, IRB InvIT Fund, ने बाजार नियामक सेबी से प्रारंभिक सार्वजानिक प्रस्ताव (आईपीओ) के जरिये 4,300 करोड़ रु एकत्र करने की अनुमति प्राप्त कर ली है.
- जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर अंतर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे से अपनी सेवा शुरू करने वाली एयरएशिया पहली विदेशी एयरलाइन बन गई है.
- सूचना प्रौद्योगिकी दिग्गज माइक्रोसॉफ्ट ने फ्लिप्कार्ट के साथ एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है, जिसमें पहले कदम के रूप में ऑनलाइन रिटेलर अपने विशिष्ट पब्लिक क्लाउड प्लेटफार्म के रूप में माइक्रोसॉफ्ट अज्योर को अपनाएगा.
- राजकुमार राव एवं अंजलि पाटिल अभिनीत फिल्म 'न्यूटन' को 67वें बर्लिन फिल्म महोत्सव 2017 में फोरम सेगमेंट में आर्ट एंड सिनेमा अवॉर्ड (CICAE) मिला है. 'न्यूटन' का बर्लिन फिल्म महोत्सव में वर्ल्ड प्रीमियर किया गया था.
- पाकिस्तानी ऑलराउंडर और पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी (36) ने रविवार (19 फरवरी 2017) को टी-20 क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की, जिसके बाद उनका 21 वर्ष लंबा अंतर्राष्ट्रीय करियर समाप्त हो गया. वह एकदिवसीय और टेस्ट क्रिकेट से पहले ही संन्यास ले चुके थे.
- आरबीआई के अनुसार एक मामूली कीमत पर लेस-वस्था की ओर बढ़ने के प्रयासों के हिस्से के रूप कैश अर्थव्य में, दुनिया का पहला अंतरप्रचलित भुगतान स्वीकृति - समाधान भारत क्यूआर QR कोड लांच किया गया.
- 21 फरवरी 2017 को यूनेस्को द्वारा दुनियाभर में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस )IMLD) मना गयाइस वर्ष . (विषय) इसका थीम'बहुभाषी शिक्षा के माध्यम से सतत भविष्य की ओर' है.
- नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कान्त ने बताया कि डिजिटल भुगतान को भारत में एक जन आन्दोलन बनाने के लिए शुरू किये गए मोबाइल एप भारत इंटरफेस फॉर मनी )BHIM) को 17 मिलियन बार डाउनलोड किया गया जो एक विश्व रिकॉर्ड है.
- वित्त विधेयक 2017 पारित होने के बाद 2 लाख रु से अधिक के गहनों की नकद खरीद पर 1 अप्रैल से 1% का टीसीएस अभी यह .लगेगा (टैक्स कलेक्टेड एट सोर्स) सीमा5 लाख रु है.




- देश का सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक )SBI) अपनी कॉर्पोरेट वेबसाइट को पूर्व के sbi.co.in की जगह "bank.sbi" के रूप में रिब्रान्डिंग कर रहा है .Bank.sbi

उच्चतम डोमेन प्रोटोकॉल है, जिसे जेनेरिक शीर्ष स्तर के डोमेन )gTLD) के रूप में जाना जाता है.

- नागा पीपल्स फ्रंट के अध्यक्ष शुरहोजेली (एनपीएफ) ) लीज़ियात्सु81) को नागालैंड का अगला मुख्यमंत्री चुना गया है.
- स्थानीय निकायों में महिलाओं के 33% आरक्षण के निर्णय के खिलाफ 19 फरवरी को टीजेलियांग के .आर. .नागालैंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था
- टाटा संस के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन समूह की प्रमुख कंपनी टीसीएस के चेयरमैन का पद भी संभालेंगे . रामकृष्णन को सीएफओ .ही कंपनी ने वी इसके साथ नियुक्त किया है जिन्होंने राजेश गोपीनाथन का स्थान लिया है जिन्हें अब कंपनी का सीईओ और एमडी नियुक्त किया गया है .
- रूस 2018 में भारत को हेलीकॉप्टर की डिलीवरी देना शुरू कर देगा और बाद में इसका उत्पादन और संयोजन भारत में किया जायेगाभारत और रूस ने अक्टूबर ., 2016 में भारतीय सशस्त्र बलों के लिए KA-226T हेलीकॉप्टर की 200 इकाइयों के संयुक्त उत्पादन के लिए एक करार पर हस्ताक्षर किये थे.
- प्रसिद्ध नौकरशाह, स्तंभकार और इंस्टिट्यूट ऑफ़ इकॉनोमिक स्टडीज के निदेशक वी के श्रीनिवासन का लम्बी बीमारी के बाद हैदराबाद में निधन हो गया.
- प्रसिद्ध उपन्यासकार वेद प्रकाश शर्मा का 62 वर्ष की उम्र में शुक्रवार रात निधन हो गयावेद कुछ महीनों से बीमार . कुल .चल रहे थे176 उपन्यास लिख चुके वेद का पहला उपन्यास 'दहकते शहर' था, जो वर्ष 1973 में प्रकाशित हुआ था.
- केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव सी.के. मिश्रा ने "साथिया संसाधन किट" शुरू किया है जो अन्य विषयों के साथ यौवन और मानसिक स्वास्थ्य जैसे किशोर संबंधित मुद्दों के बारे में जानकारी प्रदान करेगा.
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्ष में केंद्रीय कैबिनेट ने भारत और ग्रीस के बीच हवाई सेवा करार (ASA) पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दी.
- भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने एक आरटीआई जवाब में बताया है कि उसके पास नोटबंदी के बाद ऐसे खातों की संख्या के बारे में कोई जानकारी नहीं है जिनमें पुराने 500 और 1000 रु के नोटों में 2.5 लाख रु से अधिक रकम जमा की गई है.
- भारत के पहले हेलीपोर्ट का उद्घाटन 28 फरवरी 2017 को उत्तरी दिल्ली में केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री अशोक गजपति राजू करेंगे.
- आज जब साइबर हमलों में वृद्धि हो रही है, केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने डिजिटल भारत की पहल का एक हिस्सा के रूप में Botnet सफाई और मैलवेयर विश्लेषण के लिए नई दिल्ली में "साइबर स्वच्छता केन्द्र" का शुभारंभ किया.
- गुजरात विधानसभा ने एक प्रभावी और लक्षित तरीके से विभिन्न सब्सिडी एवं लाभ के वितरण के लिए एकमात्र पहचानकर्ता के रूप में आधार संख्या का उपयोग करने हेतु राज्य सरकार को सशक्त करने के लिए आधार (वित्तीय और अन्य सब्सिडी, लाभ और सेवाओं के लक्षित वितरण) विधेयक, 2017 पारित किया.
- अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री किरण रिजीजू की उपस्थिति में ईटानगर में समग्र क्षेत्रीय केंद्र का उद्घाटन किया.
- कैबिनेट आर्थिक समिति ने बुधवार को नेपाल के संखुआसभा ज़िले में लगाए जाने वाले 900 मेगावाट के हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट को मंज़ूरी दे दी जिसकी लागत 5,723.72 करोड़ रु है. इस प्रोजेक्ट के लिए दोनों देशों के बीच 02 मार्च 2008 में समझौता हुआ था.
- भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (SIDBI) ने सूक्ष्म और लघु उद्यमों (MSEs) के लिए रियायती वित्त प्रदान करने के लिए विजया बैंक के साथ एक एमओयू साइन किया है. इस एमओयू का उददेश्य रियायती वित्त द्वारा एमएसई सेगमेंट में इकाइयों को बढ़ावा देना और मजबूत करना है.
- के. चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली तेलंगाना सरकार ने 874 करोड़ रुपये के ऋण के लिए राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए.
- डायरेक्ट-टू-होम डिश टीवी ने डिजिटल भुगतान के लिए भारत के सबसे बड़े निजी बैंक आईसीआईसीआई बैंक से हाथ मिलाया है.
- वर्ष 2013 से 2017 के मध्य राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मोर्चों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए हरियाणा सरकार ने 42 खिलाड़ियों को भीम पुरस्कार से सम्मानित किया. हरियाणा के राज भवन में हुए एक समारोह में राज्य के राज्यपाल कप्तान सिंह सोलंकी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने ये पुरस्कार प्रदान किये.

- नौवां ब्रिक्स सम्मिट 03 से 05 सितम्बर 2017 तक चीन के शिअमेन शहर में होगा. इस वर्ष इस सम्मिट की थीम 'ब्रिक्स: एक उज्ज्वल भविष्य के लिए मजबूत साझेदारी' है.
- केंद्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड (CBEC) ने 24 फरवरी को नई दिल्ली में अपना 74वां केंद्रीय उत्पाद शुल्क दिवस मनाया.
- केंद्र और सिक्किम राज्य ने राज्य के बिजली वितरण विभाग के परिचालन में सुधार के लिए उज्ज्वल डिस्कॉम अश्योरेसं योजना (UDAY) के अंतर्गत एक एमओयू पर हस्ताक्षर किये.
- महिला एवं बाल विकास मंत्री मेनका गाँधी ने यौन शोषण के पीड़ित बच्चों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के लिए निर्भय योजना के अंतर्गत एक मुआवजा कोष बनाने की घोषणा की है.
- विशाखापत्तनम को भारत का पहला 'लेस कैश' शहर बनाने के लिए वैश्विक भुगतान नेटवर्क वीसा ने आंध्रप्रदेश सरकार के साथ एक सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं.
- हरियाणा स्थित ओरिएण्टल बैंक ऑफ़ कॉमर्स (OBC) ने चेन्नई स्थित जनरल बीमा प्रदाता चोलमंडलम जनरल इंश्योरेंस कंपनी के साथ बीमा उत्पादों के वितरण के लिए एक कॉर्पोरेट एजेंसी समझौते पर हस्ताक्षर किये हैं.
- टाटा पॉवर रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड ने तेलंगाना के बेल्लाम्पल्ली में अपने 15 MW के सौर संयंत्र की शुरुआत की.
- नोबेल विजेता अर्थशास्त्री, गणितज्ञ केनेथ जे एरो (Kenneth J Arrow) का संयुक्त राज्य अमेरिका में निधन हो गया. वह 95 वर्ष के थे.
- स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने पुणे के एमसीए स्टेडियम में 24 फरवरी 2017 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन गेंदबाज़ मिशेल स्टार्क को आउट करने के साथ ही एक घरेलू टेस्ट सीज़न में सर्वाधिक विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज़ बन गए. अश्विन ने मौजूदा सत्र में 64 विकेट के साथ कपिल देव का 37 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया. कपिल ने 1979-1980 के सीज़न में 63 विकेट लिए थे.
- औद्योगिक कॉरिडोर के लिए भारत और एडीबी का $375 मिलियन का ऋण समझौता
- भारत और एशिया विकास बैंक (ADB) 800 किमी के विशाखापत्तनम-चेन्नई औद्योगिक कॉरीडोर के विकास के लिये 375 मिलियन अमेरिकी डॉलर के ऋण और अनुदान पर हस्ताक्षर किये हैं.
- भारतीय सेना के लिए इजराइल के साथ संयुक्त रूप से मध्यम दूरी की सतह-से-हवा में मार करने वाली मिसाइल (MR-SAM) के विकास के लिए भारत सरकार ने 17,000 करोड़ रु के सौदे को मंजूरी दी.
- भारत और बांग्लादेश ने भारत की वित्तीय सहायता से सिलहट शहर के टिकाऊ विकास के लिए सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये हैं.
- अपतटीय क्षेत्र बॉम्बे हाई के बाद राजस्थान देहस का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल उत्पादक बन गया है.
- केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीपाद यसो नाइक ने नई दिल्ली में होम्योपैथिक चिकित्सीय उत्पादों का नियमन - राष्ट्रीय और वैश्विक रणनीति पर विश्व एकीकृत चिकित्सा फोरम का उद्घाटन किया.
- देना बैंक ने रेडियो फ्रीक्वेंसी पहचान कार्ड (RFID) सक्षम बैंकिंग कार्ड पेश किया है जिससे एक शाखा प्रबंधक कार्ड के साथ एक शाखा में प्रवेश करने वाले किसी महत्वपूर्ण ग्राहक की पहचान कर सकते हैं.
- खाद्य प्रौद्योगिकी कंपनी गोर्ब (Gorb) ने मुंबई में रियायती दरों पर उपभोक्ताओं के लिए भोजन की पेशकश करने के लिए टैक्सी एग्रीगेटर ओला (Ola) के साथ हाथ मिलाया है.
- औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग (DIPP) द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, 2016 के दौरान भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 18% बढ़कर $46 बिलियन हो गया.
- भारत सरकार ने अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी को अपने कार्यक्रम 'स्वच्छ भारत अभियान' का ब्रैंड एंबेसडर नियुक्त किया है.
- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने 23 फरवरी 2017 को निम्नलिखित मंजूरियां दीं.**

  i. कैबिनेट ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच नागरिक उड्डयन सुरक्षा क्षेत्र में सहयोग के प्रोत्साहन और विकास के लिए एक सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने के लिए मंजूरी दी.


  ii. कैबिनेट ने भारत और ग्रीस के बीच हवाई सेवा करार (ASA) पर हस्ताक्षर करने को मंजूरी दी. इस समझौते से दोनों देशों के बीच अधिक से अधिक व्यापार, निवेश, पर्यटन और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को प्रोत्साहन मिलने की संभावना है जिससे नागरिक उड्डयन क्षेत्र में विकास होगा. यह अधिक से अधिक सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित कर दोनों देशों के बीच निर्बाध कनेक्टिविटी के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करेगा जिससे दोनों पक्षों के वाहक के लिए व्यावसायिक अवसर उपलब्ध होंगे.

  iii. कैबिनेट ने भारत और पोलैंड के बीच कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में सहयोग के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर को अपनी मंजूरी दी.

  iv. केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में सौर ऊर्जा क्षमता 20 हजार से दोगुना करके 40 हजार मेगावाट करने के प्रस्ताव को मंजूरी

मिल गई है. सरकार को उम्मीद है कि इस सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट से पर्यावरण संतुलन में मदद मिलेगा

- सरकार ने उद्योगों में काम करने वाली महिलाओं के लिए मातृत्व अवकाश मंगलवार को मौजूदा 3 महीने से बढ़ाकर 6 महीने कर दिया. हालांकि, उन महिला कर्मचारियों को ही इसका लाभ मिलेगा जो अपने मासिक वेतन में से कर्मचारी राज्य बीमा कोष को योगदान देती हैं.
- तीसरी राष्ट्रीय जैव विविधता कांग्रेस (NBC) 2017 में तिरुवनंतपुरम, केरल में आयोजित हुई. इसका उददेश्य कार्ययोजना के समर्थन के लिए, क्षेत्रीय स्तर पर व्यावहारिक साक्ष्य आधारित मामले के अध्ययन की पहचान करना है. इसकी थीम (विषय) "सतत विकास के लिए मुख्य धारा में जैव विविधता" है.
- देश के सबसे बड़े टेलीकॉम सेवा प्रदाता भारती एयरटेल (Airtel) ने अधिकारिक रूप से घोषणा की है कि वो टेलिनोर इंडिया (Telenor India) का अधिग्रहण कर रही है.
- कर्णाटका बैंक ने 'आईबीए बैंकिंग प्रौद्योगिकी' पुरस्कार में दो पुरस्कार अपने नाम किये. बैंक ने 'सर्वश्रेष्ठ वित्तीय समावेशन पहल (छोटे बैंक)' का पुरस्कार जीता और 'डिजिटल और चैनल प्रौद्योगिकी का सबसे अच्छा उपयोग (छोटे बैंक)' श्रेणी में रनर अप रहा.
- टाटा समूह की आतिथ्य शाखा इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड ने बताया कि कंपनी ने एन चंद्रशेखरन को कंपनी के बोर्ड ऑफ़ डायरेक्टर्स का चेयरमैन चुना है. उनकी नियुक्ति 22 फरवरी 2017 से प्रभावी हो गई है. इससे पूर्व 27 जनवरी 2017 को वे बोर्ड के सदस्य चुने गए थे.




- रेल मंत्री सुरेश प्रभु ने आम आदमी के लिए अन्त्योदय एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई जो गददेदार सीटों, एल्यूमीनियम के संयुक्त पैनल और एलईडी रोशनी से सुसज्जित है और इसके कोच विभिन्न रंगों से सजाये गए हैं.
- अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने इतिहास रचते हुए पृथ्वी जैसे ही 7 नए ग्रह खोजने का दावा किया है. वैज्ञानिकों का मानना है कि इनमें से 3 पर जीवन की संभावना है. नासा के मुताबिक हमारे सौरमंडल के बाहर आवासीय जोन में एक तारे के इर्द-गिर्द धरती के आकार के सात नए ग्रह मिले हैं. नासा ने इसे नया रिकॉर्ड करार देते हुए कहा कि स्पिट्जर स्पेस टेलीस्कोप ने पाया कि ये ग्रह आकार में पृथ्वी जितने बड़े हैं और आवासीय जोन के दायरे में आते हैं.
- हाल ही में समाप्त हुए वर्ल्ड कप क्वालीफायर के बाद जारी आईसीसी महिला बल्लेबाजों की सूची में भारत की एकदिवसीय कप्तान मिताली राज और शीर्ष बल्लेबाज हरमनप्रीत कौर को क्रमशः दूसरे और 10वें स्थान पर रखा गया है.
- भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (NRAI) ने घोषणा की है कि 2019 में संयुक्त शूटिंग विश्व कप की मेजबानी भारत करेगा.
- वर्ष 2016 की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों को सम्मानित करने के लिए, अकैडमी ऑफ़ मोशन पिक्चर्स एंड साइंसेज (AMPAS) ने, कैलिफ़ोर्निया के लॉस एंजेल्स स्थित डॉल्बी थिएटर में 89वें अकादमी पुरस्कार समारोह का आयोजन किया. समारोह के दौरान, AMPAS ने 24 श्रेणियों में अकादमी पुरस्कार (जिसे सामान्यतः ऑस्कर नाम से जाना जाता है) दिए. हास्य

अभिनेता जिमी किमेल ने पहली बार समारोह की मेजबानी की.

- महान भारतीय भौतिक विज्ञानी सर चंद्रशेखर वेंकट रमण द्वारा 28 फरवरी 1928 को रमण प्रभाव की खोज करने के उपलक्ष्य में, भारत में प्रतिवर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है. भारत में विज्ञान के क्षेत्र में उनकी महान सफलता के लिए, चंद्रशेखर वेंकट रमन को वर्ष 1930 में भौतिकी में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया.
- राजस्थान की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने जयपुर के इटरनल हार्ट केयर सेंटर हॉस्पिटल में एक स्वास्थ्य परियोजना राजस्थान हार्ट अटैक ट्रीटमेंट (राहत) कार्यक्रम का शुभारंभ किया.
- न्यू वर्ल्ड वेल्थ रिपोर्ट के अनुसार, देश की वित्तीय राजधानी मुंबई को 820 बिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ सबसे अमीर भारतीय शहर बताया गया है. इस सूची में दिल्ली और बेंगलुरु क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर है.
- दो बड़े एशियाई प्रौद्योगिकी कंपनियों के अपने संबंधों के विस्तार के रूप में जापान के सॉफ्टबैंक ग्रुप कोर्प और ताइवान के फॉक्सकॉन एक संयुक्त उद्यम के लिए सहमत हो गए हैं.
- जापान में विश्व के पहले रोबोट टेबल टेनिस ट्यूटर FORPHEUS (Future Omron Robotics Technology for Exploring Possibility of Harmonized Automation with Sinic Theoretics) ने अधिकतर मानवों की तुलना में बेहतर खेल खेलने की अपनी अलौकिक क्षमता के लिए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है.

